हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

मेट्रो सिटी

नागपुर, रविवार, 29 दिसंबर 2024

## अनिल सोले राज्य अनुशासनात्मक समिति के अध्यक्ष होंगे



**नागपुर.** विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा ने संगठन में बदलाव की शुरुआत कर दी है। इसी के तहत भाजपा ने अपनी राज्य अनुशासनात्मक समिती का ऐलान कर दिया है। पूर्व विधायक अनिल सोले को पांच सदस्यीय समिती के अध्यक्ष होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बवानकुले ने शनिवार को नामों का ऐलान किया। जारी सूची के अनुसार, अनिल सोले जहां अध्यक्ष होने, वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री भारती पवार, अतुल शाह, भरत गोगावाले, किशोर तितोले समिति में सदस्या होंगे। सभी की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। वहीं प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले ने सभी नेताओं को शुभकामनाएं दी है।



दिल्ली में आयोजित नेशनल शॉटोकन कराटे एसोसिएशन इंडिया द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में नागपुर के कबीर अनवर बेग ने सब-जूनियर कैटेगरी 2 में गोल्ड मेडल जीतकर नागपुर का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में 14 राज्यों के 750 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अपनी सफलता का श्रेय कबीर ने अपने कोच संजय इंगोले, पिता अनवर बेग, और सहायक प्रशिक्षकों जावेद अख्तर, वकार उद्दीन अंसारी व मोहम्मद तसलीम को दिया।

# यंत्रों को सक्षम बनाने का काम किया जाए: सीएम फडणवीस

**नागपुर.**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने सह्याद्रि राज्य अतिथि गृह में महाराष्ट्र राज्य विद्युत बोर्ड के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी को अधिकारियों को सरकारी कंपनियों को फायदा में लाने और शिकायतों को निवारण के लिए जिला सहीत संभाग में मौजूद यंत्रों को सक्षम बनाने का काम किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना चाहता है. इसके लिए बिजली से जुड़ी सभी कंपनियों को अच्छी स्थिति में लाना होगा. भविष्य में इसमें जनभागीदारी बढ़ाने के लिए उन्हें सूचीबद्ध करने पर विचार करना होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि ऊर्जा विभाग के अंतर्गत कार्यरत कम्पनियों से संबंधित शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करने के लिए जिला एवं संभाग स्तरीय तंत्र को सक्षम बनाया जाए।

## गिट्टीखदान में सड़क दुर्घटना, एक की मौत, दूसरा घायल




**नागपुर.** गिट्टी खदान थाना क्षेत्र में 27 दिसंबर 2024 को एक सड़क दुर्घटना में 60 वर्षीय जब्बार शेख नामक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 50 वर्षीय नूर मोहम्मद शेख गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल व्यक्ति अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से गिट्टी खदान से गौतम नगर की ओर जा रहे थे, तभी एक अज्ञात चारपहिया वाहन चालक ने उनकी बाइक को गोरेवाड़ा झूके पास जोरदार टक्कर मार दी और हादसे के बाद फरार हो गया।

घटना सुबह 10:30 बजे के आसपास हुई, जब जब्बार शेख और नूर मोहम्मद शेख सड़क पर सफर कर रहे थे। टक्कर के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने जब्बार शेख को मृत घोषित कर दिया, जबकि नूर मोहम्मद शेख का इलाज जारी है। इस हादसे के बाद मृतक के भतीजे, आरीफ शेख की शिकायत पर गिट्टी खदान पुलिस स्टेशन में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है और आरोपी वाहन चालक की तलाश जारी है।

## बावनकुले ने की तीन महत्वपूर्ण समितियों की घोषणा



**नागपुर.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने आज तीन महत्वपूर्ण समितियों की घोषणा की। इनमें से प्रत्येक समिति पार्टी की आगामी रणनीतियों और संगठनात्मक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**1. प्रदेश संगठन पर्व समिति**

प्रदेश प्रभारी के रूप में पूर्व मंत्री रविंद्र चव्हाण का नाम घोषित किया गया है। महाराष्ट्र में 21 दिसंबर से संगठन पर्व की शुरुआत की गई है, जिसकी शुरुआत नागपुर से हुई थी। यह समिति भाजपा के संगठनात्मक ढांचे के निर्माण की जिम्मेदारी संभालेगी।

**2. प्रदेश अनुशासन समिति**

इस समिति के अध्यक्ष के रूप में पूर्व विधायक प्रो. अनिल सोले की नियुक्ति की गई है। समिति में छ. संभाजीनगर के किशोर शितोले, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. भारती पवार, मुंबई के पूर्व विधायक अतुल शाह और पुणे के योगेश गोगावले को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

**3. प्रदेश सक्रिय सदस्यता अभियान**

इस अभियान के प्रमुख के रूप में प्रदेश के सचिव राजेश पांडे (पुणे) और बीड के प्रवीण घुगे को सहप्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया है। यह अभियान भाजपा के सक्रिय सदस्य बढ़ाने के लिए चलाया जाएगा।




## वेतनभोगी बैंक में जाकर करें जीवन प्रमाणपत्र रजिस्टर का सत्यापन

**नागपुरः**

अतिरिक्त कोषालय (सेवानिवृत्त वेतन) अधिकारी ने नागपुर जिले के सभी राज्य सरकार के पेंशनभोगियों से अपील की है कि जहां से उन्हें पेंशन मिलती है वे उस बैंक शाखा से जीवन प्रमाण पत्र के रजिस्टर को सत्यापित करें।

कोषागार ने जानकारी दी है कि पेंशनभोगियों अपने संबंधित बैंकों से संपर्क करें और जीवन प्रमाण पत्र के रजिस्टर के सत्यापन के संबंध में कार्यवाही तुरंत पूरी करें। संबंधित बैंकों को कोषागार की ओर से पहले ही समय सीमा दी गयी थी।

यदि पेंशनभोगी जीवन प्रमाण पत्र का रजिस्टर सत्यापित कर राजकोष में जमा नहीं करेंगे तो पेंशन भुगतान में देरी हो सकती है। यह बात विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही गई है।

# जोन के हिसाब से कंपनी नियुक्त करने का निर्णय

### > शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए

**नागपुरः**




नागपुर महानगर पालिका ने शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए लगातार योजना बना रही है। वहीं सही से कचरा संकलन हो सके इसके लिए नए-नए उपाय योजना भी ला रही है। फिर चाहे सफाई का काम निजी हाथो में देना हो या इसमें एक कंपनी की जगह दो कंपनियों को शामिल करना हो। लेकिन इसके बावजूस शहर की सुंदरता या स्वछता बढ़ने के बजाय और ख़राब होती जा रही है। इसी को देखते हुए नागपुर महानगर पालिका ने बड़ा निर्णय लेते हुए अब जोन के हिसाब से कंपनी नियुक्त करने का निर्णय लिया है। इसी के साथ मौजूदा दोनों कंपनियों को आखिरी चेतवानी देते हुए 90 दिनों के अंदर काम में सुधार को कहा है, ऐसा नहीं करने पर टेंडर रद्द करने की चेतवानी दी है।

नागपुर शहर में कचरा संकलन का काम करने वाली कंपनियों के कामकाज को लेकर लगातार सवाल उठते रहे है.. इन सवालो के बीच मनपा प्रशासन द्वारा लगातार कचरा संकलन का काम करने वाली एजी और बीवीजी दोनों कंपनियों को नोटिस देने और जुर्माना वसूलने का काम होते आया है लेकिन अब प्रशासन ने इन कंपनियों को फ़ाइनल नोटिस जारी किया है. 7 दिसंबर को जारी किये गए इस नोटिस में तीन महीने के भीतर काम की गुणवत्ता को सुधारने की ताकीद दी गयी है. ऐसा नहीं होने पर टर्मिनेट किये जाने की जानकारी भी दी गयी है.

जो नोटिस जारी हुआ है उसमे इस बात का उल्लेख है की अगर काम की गुणवत्ता नहीं सुधरती है तो कंपनियों को सीधे तौर पर टर्मिनेट कर दिया जायेगा। कंपनियों को टर्मिनेट किये जाने की सूरत में विकल्प के तौर पर नई कंपनियों की नियुक्तियो को लेकर भी कार्रवाई शुरू किये जाने की जानकारी मनपा प्रशासन द्वारा दी गयी है. खास है की कंपनियों की नियुक्ति ज़ोन स्तर पर की जायेगी।

नागपुर में कचरा संकलन का काम बीते कई वर्षो से निजी कंपनियों के भरोसे हो रहा है लेकिन कचरे के व्यवस्थापन से जुडी शिकायतों पर अंकुश नहीं लग रहा है.. बीते दिनों मौजूदा मुख्यमंत्री और तत्कालीन उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी द्वारा मनपा में लिए गए जनता दरबार में जनप्रतिनिधियों ने ज़ोन स्तर पर एजेंसियों की नियुक्ति का सुझाव दिया था. इसी सुझाव पर मनपा द्वारा अमल में लाया जाते हुए दिखाई दे रहा है..

## संघ मुख्यालय परिसर में ड्रोन से चित्रीकरण पर पूरी तरह से प्रतिबंध

**नागपुर.**



शहर के पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र कुमार सिंगल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इस आदेश के अनुसार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय और इसके आसपास के क्षेत्रों में फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और ड्रोन द्वारा चित्रीकरण पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि संघ मुख्यालय के आसपास स्थित रिहायशी वस्ती और व्यावसायिक प्रतिष्ठान जैसे होटेल्स, लॉजेस और कोचिंग क्लासेस के कारण इस क्षेत्र में नागरिकों की अत्यधिक आवाजाही रहती है। ऐसे में अनौपचारिक या अनजान व्यक्तियों द्वारा किए गए फोटोग्राफी और ड्रोन के माध्यम से चित्रीकरण से संघ मुख्यालय को सुरक्षा खतरा हो सकता है।

आदेश के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति को भारतीय दंड संहिता 2023 की धारा 223 के तहत सजा का सामना करना पड़ेगा। यह आदेश 28 दिसंबर 2024, रात १२ बजे से प्रभावी रहेगा और 25 फरवरी 2025, देर रात तक लागू रहेगा।

पुलिस आयुक्त ने इस आदेश को 27 दिसंबर 2024 को हस्ताक्षरित कर निर्गमित किया है। इस आदेश का उद्देश्य संघ मुख्यालय की सुरक्षा सुनिश्चित करना और संभावित खतरों से बचाव करना है।



## 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर आरंभ

**नागपूर.**

एनसीसी ग्रुप की ओर से 3 महाराष्ट्र इंजिनियर कंपनी द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत (महाराष्ट्र) शिविर का आरंभ 24 दिसंबर से ओ. टी.ए. कामठी मे हुआ इस प्रशिक्षण शिविर में देशभर से 600 कॅडेट्स ने भाग लिया, इस राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आरंभ कॅम्प कामाडेन्ट ग्रुप कैप्टन खुशाल व्यास (NCC ग्रुप कमांडर नागपूर) एवं डेप्टी कॅम्प कमांडेन्ट कर्नल सी. एस. सोलंकी (आफिसर कमांडिंग 3 महाराष्ट्र इंजिनियर कंपनी) द्वारा किया गया. इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश देश के अलग - अलग राज्यो और केंद्र शासित प्रदेशों के कॅडेट्स के बीच आपसी समझ और राष्ट्रीय एकीकरण को बढाना है. इस शिविर में अलग-अलग राज्यो और संस्कृतियों के साथियों से सद्भावना बढ़ाना है. शिविर के जरिए कैडेट्स को अपने देश की संस्कृती, परंपराओ और विरासत के बारे मे जानकारी मिलती है, इससे उनके दृष्टीकोन व्यापक होते है और अनुभव समृद्ध होते है।

इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान कॅडेट्स को साहस, निर्भयता, कर्तव्य -दक्षता, देशप्रेम, युवा पिढी मे राष्ट्रीय एकाता के नैतिक मुल्यो निर्माण करने हेतु जोर दिया जाएगा. एक कॅडेट को राष्ट्र निर्माण के लिए किस प्रकार तैयार किया जाता है इस विषय पर खास ओर दिया जाएगा, इस कॅम्प की तैयारी कॅम्प कमांडेन्ट ग्रुप कैप्टन खुशाल व्यास, डेप्टी कॅम्प कमांडेन्ट कमांडेन्ट कर्नल सी. एस. सोलंकी, कैप्टन कुलदीप कौर, जी सी आय. साधना पाल, ए. एन. ओ. अमित मुदगल,शहाजी ए अलेक्झांडर, महेश वावरे, गांगोडे, अक्षय चव्हाण, सुभेदार डी. एन. नगरे,सी. एच. एम संजय कबाडगे , हवालदार विजय वाघमारे द्वारा की गयी।इस प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स के आहार और हेल्थ पर विशेष रूप से जोर दिया जायेगा.

## लूटपाट के इरादे से चलते ऑटो में व्यक्ति को मारा चाकू

### > मौके पर ही हो गई मौत



**नागपुर.** धंतोली पुलिस थाना अंतर्गत कुम्भार टोली रोड पर लोहारकर होटल के पास एक चलते ऑटो में सवार अज्ञात व्यक्ति को दो से तीन आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया और चलते ऑटो से फेंक कर फरार हो गए। इस हादसे के बाद इस अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने हत्या के तहत मामला दर्ज किया है और इन अज्ञात हमलावरों की तलाश कर रही है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

धंतोली पुलिस थाना अंतर्गत बीती रात करीब 11:26 बजे के दौरान हत्या की यह वारदात हुई।यह अज्ञात व्यक्ति एक ऑटो में सवार होकर जा रहा था। इस दौरान ऑटो में मौजूद 2 से 3 अज्ञात आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और तेजधार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल अवस्था में ही इस व्यक्ति को इन हमलावरों ने कुम्भार टोली मार्ग स्थित लोहारकर होटल के पास सड़क पर फेंक कर फरार हो गए । दो चार कदम चलने के बाद ही लड़खड़ाते हुए करीब 40 से 45 वर्षीय यह व्यक्ति वहीं पर गिर गया जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।

अज्ञात आरोपी उसके पास के बैग को छीन कर अपने साथ ले गए। एक सजग नागरिक ने इस इस घटना की जानकारी पुलिस को दी थी। पुलिस ने इस व्यक्ति को अस्पताल में भी पहुंचाया परंतु जांच के दौरान ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। लूटपाट के इरादे से हत्या किए जाने की आशंका पुलिस व्यक्त कर रही है। फिलहाल परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जारी है ताकि इन अज्ञात हमलावरों की तलाश कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके। इसके साथ ही मृतक की पहचान जुटाने का भी प्रयास पुलिस कर रही है।उसकी ऊंचाई करीब साढ़े पांच फुट है. शरीर पर पीले रंग की टी-शर्ट और नीले रंग का चेक्स शर्ट है. यदि किसी को इस हुलिये के व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो तो धंतोली पुलिस से संपर्क करें. आरोपी जिस ऑटो में सवार थे उसका नंबर स्पष्ट नहीं दिख रहा है. पुलिस अलग-अलग स्थानों पर लगे कैमरों की फुटेज खंगाल रही है. आटो का नंबर मिलने पर आरोपियों का सुराग मिल सकता है. अब तक यही अनुमान है कि लूट के इरादे से वारदात को अंजाम दिया गया. जिस समय व्यक्ति ऑटो में सवार हुआ था उसके पास एक बैग थी. लेकिन घटनास्थल पर कोई सामान या पहचान होने वाली वस्तु नहीं मिली है. पुणे की बस का टिकट मिलने से संभवत: वह पुणे का निवासी हो सकता है।

# 'नरेडको' विदर्भ मेजबानी करने के लिए तैयार

### 3 जनवरी से 5 जनवरी तक चिटणवीस सेंटर में आयोजन

**नागपुर.**




नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल विदर्भ चैप्टर 3 जनवरी से 5 जनवरी 2025 तक शहर चिटनवीस सेंटर, सिविल लाइंस, नागपुर में अपनी पहली रियल एस्टेट प्रदर्शनी होमथॉन 2.0' की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी विदर्भ में 75 बिल्डर्स और डेवलपर्स लाएगी, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "सभी के लिए आवास के मिशन का समर्थन करने के लिए एक उत के नीचे 350 संपत्ति का प्रदर्शन करेंगे। नारेडको विदर्भ फाउंडेशन के अध्यक्ष घनश्याम ढोकने में संपत्ति प्रदर्शनी पर टिप्पणी की, "हमे अपना दूसरा घर- खरीद एक्सपो शुरू करने पर गर्व है, जो डेवलपर्स और होमबॉयर्स को एक ही स्थान पर एक साथ लाता है।

मेगा इवेंट हर रियल एस्टेट हितधारक घर खरीदने के लिए एक आदर्श गंतव्य होने जा रहा है, डेवलपर्स लक्जरी से प्रीमियम से सस्ती श्रेणियों तक 350 से अधिक परियोजनाओं का प्रदर्शन करते हैं, क्योंकि यह पूरे क्षेत्र में कई स्थानों की एक साथ लाएगा।

अग्रणी डेवलपर्स, उपभोक्ताओं और छोटे से बड़े टिकट परियोजनाओं का एक गडगडाहट संगम पहली बार रियल एस्टेट प्रदर्शनी में देखा जाएगा। एक शोकेस प्लॉट की गई योजनाओं और प्रमुख हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों को भी प्रदर्शित करेगा, जो संभावित होमबॉयर्स को घर खरीदने का पूरा अनुभव प्रदान करेगा। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में, नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल की स्थापना 1998 में भारत में रियल एस्टेट उद्योग के लिए प्रमुख उद्योग संघ के रूप में की गई थी। संगठन का प्राथमिक उद्देश्य सार्वजनिक, निजी और सरकारी एजेंसियों को उनकी चिंताओं को दूर करने और उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करना है। नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल, जिसके पूरे भारत में 10000 सदस्य हैं, नियमित आधार पर विभिन्न मंत्रालयों में अपने सदस्यों का प्रतिनिधित्व करके नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस आयोजन का टाइटल स्पॉन्सरर ओज़ेन रेलटर्स , पॉवर्ड बाय केरोविट निफ्ट पार्टनर एम.बी. इंफ्रा, एंसीलरी पार्टनर वीटीएस, बैंकिंग पार्टनर बैंक ऑफ बड़ौदा, फूड पार्टनर और मीडिया पार्टनर मीडिया , सभी भागीदारों से ऊपर इस आयोजन का समर्थन किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए घनश्याम ढोकणे, एंड बादल मते, प्रो. कुणाल पडोळे, सचिन मेहेर, राहुल बोंद्रे, अजय बोरकर, स्कायलॅब भनारे उपस्थित थे।



# डॉ. मनमोहन सिंह का वित्त मंत्री से प्रधानमंत्री तक विदर्भ के विकास में योगदान

> नागपुर के संतरे और किसानों के लिए टेक्नोलॉजी मिशन की शुरुआत



### नागपुर के महापौर अटल बहादुर से सौहार्दपूर्ण संबंध रहे

1996 में मनमोहन सिंह वित्तमंत्री बतौर पधारे थे तब वे डा. श्रीकांत जिचकार के घर रुके थे। डा. राजू देशमुख के अस्पताल श्योरटेक अपोलो के उद्घाटन कार्यक्रम में भी उपस्थित रहे। उनके नागपुर के महापौर अटल बहादुर से भी सौहार्दपूर्ण संबंध रहे। सिख समुदाय के लोग हर क्षेत्र में अव्वल रहे हैं। सेना प्रमुख, लोकसभा अध्यक्ष गुरदयाल सिंह ढिल्लों तो रक्षा मंत्री स्वर्ण सिंह, राष्ट्रपति ज्ञानी जेलसिंग जैसे अनेक नाम गिनाए जा सकते हैं।

**नागपुर.**

सिख समुदाय भले ही अल्पसंख्यक में आता हैं, किंतु उन्होंने किसी भी बहुसंख्यक समुदाय से अधिक देश की सेवा की और देश के सर्वोच्च पद पर भी रहे हैं। उनमें प्रमुख नाम डॉ. मनमोहन सिंह का आता है। वे सफल वित्त मंत्री के अलावा देश के प्रधानमंत्री भी 10 वर्षों तक रहे। बतौर वित्तमंत्री नागपुर पधारे थे, तो उनसे किसी ने प्रश्न किया कि बिना किसी कारण एक माह में शेयर सूचकांक 1000 अंकों से बढ़ा था, तो किसी ने इस पर गौर क्यों नहीं किया। इस पर डॉ. मनमोहन सिंह का जवाब था कि हमने आयकर विभाग को सूचित किया था। यह बात हर्षद मेहता कांड के समय की है।

डा. मनमोहन सिंह गुरुद्वारा श्री गुरु सिंग सभा, कामठी रोड में मत्था टेकने आए तथा सामने गुरुद्वारा की स्कूल को भी भेंट दी। गुरुद्वारा प्रमुख सरदार जसपालसिंह ने बताया कि स्कूल को आगे बढ़ाओ। बतौर प्रधानमंत्री उनको विदर्भ की पूरी चिंता रही। किसी जमाने में नागपुर का संतरा पूरे देश में प्रसिद्ध रहा है। उन्होंने किसानों की निराशा को देखकर अनुसंधान के तहत कुछ करने की सोची। 2006 में नागपुर से लौटकर 2007 में 'टेक्नोलॉजी मिशन ऑन साइट्रस' शुरू की थी।

# संत जगनाड़े महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई



**सावनेर.**

तेली समाज के आराध्य संत संत जगनाडे महाराज की पुण्यतिथि सावनेर स्थित संतजी हॉल में श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में तेली समाज के लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जगनाडे पथ संस्था के पूर्व अध्यक्ष रमेश घटे, पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. योगेश पाटिल, संचालक सदस्य प्रकाश बालपांडे, पूर्व नगराध्यक्ष अड. चंद्रकांत पीसे, व्यापारी संघ सावनेर के उपाध्यक्ष राहुल बरई, किशोर अंतुरकर, प्रफुल्ल चंदनखेड़े, नारायण तपासे समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर संत जगनाडे महाराज की प्रतिमा का विधिवत पूजन किया। इस अवसर पर रमेश घटे ने उपस्थित समाज बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा, "संत जगनाडे महाराज द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर हम समाज और स्वयं के उत्थान के लिए पहल करें।" कार्यक्रम में दिनभर विभिन्न भजन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से भक्तिमय वातावरण बनाया। इस आयोजन में जयंत पाटील, लिलेश घटे, रामभाऊ घाटोडे, राजाभाऊ कळंबे, अरुण कळंबे, मनोज अंतुरकर, सुनील बांद्रे, जयंत घटे, नारायण तपासे, शांताराम अंतुरकर, भोजराज घटे, प्रकाश तपासे, राजू तपासे और मोनीष बागडे सहित कई प्रमुख समाजबंधु उपस्थित थे। इस आयोजन ने श्रद्धा, भक्ति और समाज की एकता का उदाहरण प्रस्तुत किया।

# येरखेड़ा में स्वर्गरथ चालू करने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**कामठी.**




येरखेड़ा ग्राम पंचायत को 5 लाख रुपये की लागत से दलित सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा दान किए गए स्वर्ग रथ को चालू करने की मांग करते हुए ग्रामीणों ने गट विकास अधिकारी (बीडीओ) को एक ज्ञापन सौंपा.

कामठी पंचायत समिति के पूर्व उपसभापति देवेन्द्र गवते और पूर्व सरपंच मनीष कारेमोरे के नेतृत्व में गट विकास अधिकारी बालासाहब येवले को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि येरखेड़ा ग्राम पंचायत नागपुर जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है और येरखेड़ा वार्ड नंबर 4 के दलित सामाजिक कार्यकर्ता राजेश चाहांदे ने के चाहंदे दो साल पहले अपनी दिवंगत मां जीजाबाई चाहांदे की स्मृति में 5 लाख लाख रुपये खर्च कर स्वर्ग रथ निर्माण किया और नागरिकों की सुविधा हेतु येरखेड़ा ग्राम पंचायत में स्थानांतरित किया गया था.

उन्होंने आरोप लगाया कि स्वर्ग रथ को पानी टंकी क्षेत्र में रखा गया है, जिसके कारण उसकी बैटरी चोरी हो गई है और स्वर्ग रथ की हालत दयनीय होती नजर आ रही है. चूंकि येरखेड़ा गांव में कोई स्वर्ग रथ नहीं है, इसलिए नागरिकों को शव ले जाने के लिए कामठी से स्वर्ग रथ किराए पर लेना पड़ता है. यदि स्वर्ग रथ उपलब्ध न हो तो शव को निजी वाहन से कन्हान नदी, अजनी रोड स्थित मोक्षधाम ले जाना पड़ता है. येरखेड़ा के नागरिकों को शव ले जाने में कोई असुविधा न हो इसके लिए दलित सामाजिक कार्यकर्ता राजेश चहांडे ने 5 लाख रुपये खर्च कर स्वर्ग रथ दान किया था. स्वर्ग रथ को लागू करने की मांग को लेकर ग्रामीणों की ओर से कामठी पंचायत समिति के गट विकास अधिकारी बालासाहब येवले को एक ज्ञापन देकर स्वर्ग रथ को तत्काल लागू करने की मांग की है.

कामठी पंचायत समिति के गटविकास अधिकारी बाळासाहेब येवले को ज्ञापन देते समय पंचायत समिति उपसभापति देवेंद्र गवते, पूर्व सरपंच मनीष कारेमोरे, ईश्वरसिंग चौधरी, पत्रकार सुदाम राखडे, कुणाल कडू, राजेंद्र चौरे, राजेश पिपरेवार, अनिल भोयर, मुकेश कनौजिया, राजेंद्र चौरे, प्रवीण आगाशे, तुषार ढबाले, संकेत मोरे, आदित्य वर्मा सहित गांव के नागरिक उपस्थित थे.

## पहली मंजिल से गिरकर मजदूर की हुई मौत

**नागपुर.** अंबाझरी पुलिस थाना क्षेत्र के तहत एल.आई.टी. प्लॉट नं. 179 में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यह घटना 27 दिसंबर 2024 को दोपहर 3:30 बजे के करीब हुई। शांतानगर, हिरवी नगर के निवासी 40 वर्षीय विश्वास पुरुषोत्तम नाईकवाडे नामक मजदूर सरिया खींचने का काम कर रहा था।

उसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ा और वह पहली मंजिल से नीचे गिर गए। गिरने के कारण उनके सिर में गंभीर चोट आई। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल मेडिकल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद, अंबाझरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने अकस्मात मृत्यु का मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही है।

# कवठा क्षेत्र में ईंट भट्टा मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**कामठी.**



कवठा - म्हसाला ग्राम पंचायत क्षेत्र में बड़ी संख्या में ईंट भट्टे हैं और ईंट भट्टों से होने वाले प्रदूषण से नागरिक पीड़ित हैं.

उपरोक्त आरोप लगाते हुए कवठा-म्हसाला ग्राम पंचायत के सरपंच निलेश डफरे के नेतृत्व में तहसीलदार गणेश जगदाले को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि कवठा-म्हसाला गट ग्राम पंचायत की सीमा के अंतर्गत 25 से 30 बड़े ईंट भट्टे हैं और बड़ी मात्रा में मिर्च और अप्रयुक्त कचरे का उपयोग कच्ची ईंटों को पकाने के लिए किया जाता है, इससे हर जगह धुआं फैल रहा है और बहुत अधिक प्रदूषण हो रहा है.

इसके अलावा ईंट भट्ठों पर काम करने के लिए दूसरे राज्यों से बड़ी संख्या में मजदूर आये हैं और मजदूर गांव के बगल में रहने के कारण रोजाना खुले में सौच को जाते हैं, जिससे खुले में शौच मुक्त गांव में प्रदूषण की मात्रा बढ़ गयी है. सड़क के दोनों ओर भारी मात्रा में गंदगी है. कवठा-म्हसाला गांव में श्वसन संबंधी विकार, अस्थमा की बड़ी घटनाएं हो रही हैं और नागरिक पीड़ित हैं. साथ ही ईंट भट्ठे से ईंटों की ढुलाई के लिए 24 घंटे बड़ी संख्या में भारी वाहनों का आना-जाना लगा रहता है और लगातार भारी गाड़ियों के परिचालन के कारण सड़क जर्जर हो गयी है और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं.

इसलिए इस सड़क पर हमेशा दुर्घटनाएं होती रहती हैं. कई चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है. सरपंच निलेश डफरे सहित नागरिकों ने कहा है कि ईंट भट्ठों के प्रदूषण से नागरिकों को परेशानी हो रही है और उन्होंने अपनी समस्या पर विचार करते हुए भट्ठा मालिक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है.

## स्वयं शक्ति क्रेडिट को-ऑप सोसायटी का चयन बैंक ब्लू रिबन अवार्ड के लिए

**खापरखेड़ा.**



स्वयं शक्ति क्रेडिट को-ऑप सोसायटी लिमिटेड, खापरखेड़ा को राज्य स्तरीय 'बैंक ब्लू रिबन अवार्ड 2024' देने की घोषणा की गई है। जिले के साथ-साथ पूरे महाराष्ट्र के सहकारी क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रही स्वयं शक्ति क्रेडिट को-ऑप सोसायटी ने बहुत कम समय में अपनी पहचान बनाई है।यह पुरस्कार हर साल एविज पब्लिकेशन कोल्हापुर और गैलेक्सी इनामा, पुणे के सहयोग से वितरित किया जाता है। विशेषज्ञ चयन समिति द्वारा दिए गए मूल्यांकन के आधार पर स्वयं शक्ति क्रेडिट को-ऑप सोसायटी लि. को इस पुरस्कार के लिए चुना गया। पुरस्कार वितरण 31 जनवरी, 2025 को लोनावाला में आयोजित किया जाएगा। इस पुरस्कार से अच्छा कार्य करने की नई ऊर्जा मिलेगी। साथ ही बैंक कर्मचारियों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा. स्वयं शक्ति क्रेडिट को-ऑप सोसायटी के अध्यक्ष अनिल प्रभाकर गोमकाले ने कहा. स्वयं शक्ति क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, खापरखेड़ा को पुरस्कार की घोषणा की सहकारी क्षेत्र सराहना कर रहा है. बताया जा रहा है कि पुरस्कार वितरण में बैंक के कर्मचारी भी शामिल होंगे.

# पल्लवी गुर्जर की फिल्म प्रोडक्शन में एंट्री

**नागपुर.**




मनोरंजन उद्योग और थिएटर में 20 से अधिक वर्षों से अनुभवी पल्लवी गुर्जर, राजनीति के परिणामस्वरूप भारत भर में बम विस्फोटों की एक श्रृंखला के दौरान हुई घटनाओं की पुनरावृत्ति के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत कर रही हैं. वह 2 दशकों से अधिक समय से मनोरंजन उद्योग में हैं और उन्होंने हेमा मालिनी, लिलेट दुबे और अनुपम खेर जैसी प्रसिद्ध हस्तियों के साथ काम किया है. इसके अलावा, वह अब मैच फिक्सिंग- द नेशन एट स्टेक के साथ फिल्म निर्माण की दुनिया में एक प्रमुख प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है.

वह थिएटर और मनोरंजन उद्योग के लिए एक कंसल्टेंसी आर्ट एरेना की संस्थापक निदेशक हैं और उनके नाम पर कई प्रशंसित परियोजनाएं हैं, जैसे 'मेरा वो मतलब नहीं था', 'डिनर विद फ्रेंड्स' आदि 2003 में कंपनी शुरू करने के बाद से, अपने काम के प्रति उनके जुनून और मजबूत झुकाव और जिन लोगों के साथ वह काम करती हैं. उनके प्रति उनके समर्पण के कारण यह तेजी से बढ़ी है.

पल्लवी गुर्जर 'द गेम बिहाइंड सैफ्रन टेरर' किताब से प्रेरित थी, जिसे के.एस. ने लिखा था. पल्लवी गुर्जर. फिल्म के निर्देशक केदार गायकवाड़, विनीत कुमार सिंह, मनोज जोशी, राज अर्जुन कलाकारों ने फिल्म की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत की है. रिलीज की तारीख से अब तक इसे 8.7 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है. 26 दिसंबर को वह मीडिया के सामने भी आए थे. 8 जनवरी को मुंबई में आयएमपीए में प्रेस-शो भी है. 26/11 के बाद की घटनाओं और उसके पीछे की साजिश को जानने के लिये 10 जनवरी को 'मैच फिक्सिंग - द नेशन एट स्टैक' के प्रीमियर में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया हैं.

## एस एस कल्लन स्कूल में 44 वां वार्षिक समारोह

> विद्यार्थियों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

**नागपुर.**

वाजपेयी नगर, कलमना: एस एस कल्लन मिया अंसारी प्राइमरी और हाई स्कूल में 44वां वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

समारोह की अध्यक्षता माजी आमदार एस. क्यू. जमा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक 15 के अध्यक्ष मूलचंद मेहर उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की सचिव शायदा अहमद खान, माजी नगरसेवक शेषराव गोतमारे, मंसूर खान, जुल्फेकार अहमद भुट्टो, हैदर अली दोसानी, गोपालपट्टम, इरफान अहमद, कमर शेख, आसिफ मांड्वा, अहद खान कादरी, आरिफ बशीर, रहीम खान और आरिफ पठान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उनका सम्मान किया। स्कूल के सचिव रिजवान अहमद कमर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

मंच संचालन रेहान अहमद कमर और सबीना बाजी ने किया। स्कूल के प्रधानाचार्य एतेशाम रागिब ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल में विद्यार्थियों के उत्साह और प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

# येरखेड़ा में सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया गया सम्मानित




**कामठी.**

सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह शनिवार को ग्राम पंचायत हॉल में हुआ. अतिथियों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों में टाले सर, भोगे सर, मेश्राम मैडम, ढोले सर को स्मृतिचिन्ह, श्रीफल, पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया.

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सरिता मधुकर रंगारी ने की. मुख्य अतिथि पंचायत समिति सभापति कु. दिशा चनकापुरे ने विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य सुमेध मधुकर रंगारी, ग्राम पंचायत सदस्य सौ. अर्चना सोनेकर, ग्राम पंचायत रोशनी भस्मे आदि गणमान्यों की प्रमुख उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. पंचायत समिती उपसभापति दिशा चमकापुरे ने कहा कि शिक्षक बच्चों को नैतिक शिक्षा दे. ताकि वे अच्छे नागरिक बने और भारत की पहचान फिर से विश्व गुरु के रूप में हो. वहीं येरखेड़ा ग्राम पंचायत की सरपंच सरिता मधुकर रंगारी हैं अपने संबोधन में कहा कि गांव के विकास के लिए शिक्षकों का अहम योगदान है. शिक्षकों के मार्गदर्शन से गांव के बच्चे आगे बढ़ रहे हैं. शिक्षकों के अच्छे नीतियों मार्गदर्शन से गांव के बच्चे कुशल नीतियों पर कार्य कर रहे हैं. कार्यक्रम दौरान अन्य गणमान्यों सहित गांव के नागरिक प्रमुखता से उपस्थित रहे.

# 2024-25 को सांस्कृतिक महोत्सव वर्ष के रूप में मनाने की पहल

**नागपुर.**




भारतीय अग्रवाल एकता क्लब ने 2024-25 को सांस्कृतिक महोत्सव वर्ष के रूप में मनाने का संकल्प लिया है। इस विशेष अवसर पर क्लब ने पहली बार पंचांग कैलेंडर तैयार किया है, जो हिंदू त्योहारों और दैनिक तिथियों की जानकारी प्रदान करेगा। यह कैलेंडर विशेष रूप से राजस्थानी त्योहारों को हाईलाइट करता है। साथ ही, इसमें अग्रवाल समाज की महान विभूतियों की जन्मतिथि पर उनकी फोटो और परिचय शामिल किया गया है।

कैलेंडर को क्लब के चेयरमैन प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष गिरीश लिलड़िया और उपाध्यक्ष मुरली महिपाल ने परिकल्पित किया है। इसके निर्माण में सचिव विजय सराफ, कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, संयोजक अंबर अग्रवाल, एडवोकेट संजय अग्रवाल, भावेश लिलड़िया और कृष्णा अग्रवाल ने योगदान दिया। ग्राफिक डिजाइनिंग में नेम कुमार अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। कैलेंडर बनाने में आर्थिक सहयोग देने वालों में डॉ. सौरभ अग्रवाल (आशा हॉस्पिटल), विजय लोहिया, भावेश अग्रवाल (साजन प्लास्टिक), भावेन अग्रवाल (सेमू प्लास्टिक), संतोष अग्रवाल (प्रिया हाइजीन सोल्यूशन), विजय अग्रवाल (कल्पना प्लास्टिक), आशीष अग्रवाल (प्रिया ट्रेडर्स), आशीष जैन (क्रेज़ी किड्स), अभय अग्रवाल (आर एस बोरवेल), कृष्णा अग्रवाल (नीलेश जनरल), डॉ. यश अग्रवाल, चेतन पाड़िया (प्लूटो इलेक्ट्रॉटिक) और स्विस ब्यूटी का नाम प्रमुख है।

**'स्वागतम 2025' का आयोजन 31 दिसंबर को**

संस्था अपने आगामी प्रोजेक्ट के तहत 31 दिसंबर को 'स्वागतम 2025' का आयोजन मुरारका ग्रुप के सहयोग से राधा कृष्ण लॉन, वर्धा रोड पर करेगी। इस कार्यक्रम में मस्ती, गेम्स और डीजे डांस का आनंद लिया जाएगा। कार्यक्रम के चीफ कोऑर्डिनेटर शैलेंद्र अग्रवाल, राजेश गोयल, विशाल अग्रवाल हैं, जबकि संयोजक पवन एस अग्रवाल, सीए स्वप्निल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, ललित खेतान और मनोज अग्रवाल सहित पूरी टीम इसे सफल बनाने में जुटी है।

### संस्था के पदाधिकारियों का योगदान

संस्था के वाइस चेयरमैन राजेश भोलिका, उपाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, सह सचिव सुशील धानुका, सह कोषाध्यक्ष सचिन एस अग्रवाल और पीआरओ राज अग्रवाल के साथ सभी पूर्व चेयरमैन का भी विशेष योगदान मिल रहा है। इन पूर्व चेयरमैन में अशोक गोयल, राजीव चौधरी, प्रकाश गोयल, नरेंद्र पचेरीवाला, सुभाष अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, अजीत मित्तल, शैलेंद्र अग्रवाल, संदीप छापरिया, वेणुगोपाल अग्रवाल, सीए शंभू टेकरीवाल, गोपी किशन टिबडा, राजेश गोयल, तुषार अग्रवाल, सूर्यकांत अग्रवाल, सीए राजेश मोदी, विशाल अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, डॉक्टर दिनेश अग्रवाल, सीए संजय अग्रवाल और एडवोकेट संजय अग्रवाल का नाम शामिल है। यह कैलेंडर न केवल क्लब के सदस्यों तक बल्कि समाज के अन्य लोगों तक भी पहुंचने की योजना है, जिससे समाज के सभी वर्ग लाभान्वित हो सकें।

## नागपुर एयरपोर्ट के आस पास रात में बीम लाइट के उपयोग पर प्रतिबंध

> 60 दिनों तक लागू रहेगा आदेश

**नागपुर.**

बाबासाहब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा नागपुर के पास वायुक्षेत्र में रात के समय बीम लाइट (Beam Light) के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए पुलिस आयुक्त ने आदेश जारी किया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) (2) (2) के तहत जारी किया गया है जो कि 28 दिसंबर 2024 से 25 फरवरी 2025 तक लागू रहेगा।

नागपूर एयरपोर्ट के आसपास, विशेष रूप से हवाई अड्डे के 15 किमी के दायरे में, रात के समय विमानों के उड़ान संचालन और हेलीकॉप्टर की आवाजाही के दौरान बीम लाइट का इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि, इन लाइटों के कारण पायलटों की दृष्टि पर असर पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। हवाईअड्डे के पायलटों और अन्य वैमानिकों ने इस समस्या को उठाया था, जिसके बाद पुलिस आयुक्त ने यह निर्णय लिया है। आदेश के अनुसार, अब नागपूर शहर के 15 किमी के दायरे में शाम 6 बजे से लेकर 12 बजे तक किसी भी व्यक्ति या कार्यक्रम आयोजकों को बीम लाइट का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। यह आदेश 60 दिनों के लिए लागू रहेगा। आदेश के उल्लंघन पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आयुक्त डी. रविंद्र कुमार सिंगल ने इस आदेश को अपनी मंजूरी देते हुए कहा कि यह कदम विमान दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उठाया गया है, जिससे पायलटों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# 7 लाख के इनामी नक्सली देवा ने किया आत्मसमर्पण

> कई संगीन वारदातों में था शामिल, गोंदिया जिला पुलिस की सफलता

**गोंदिया.**

7 लाख रुपए के खुंखार इनामी नक्सली ग्राम गुंडम सुटबाईपारा पोस्ट बासागुड़ा तहसील उसुर पुलिस स्टेशन पामेड़ जिला बीजापुर छत्तीसगढ़ निवासी देवा उर्फ अर्जुन उर्फ राकेश सुमडो मुडाम (27) ने 26 दिसंबर को गोंदिया के जिलाधिकारी प्रजीत नायर, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे एवं अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। वह तांडा दलम, मलाजखंड दलम, पामेड प्लाटून-9/ प्लाटून पार्टी कमेटी मेंबर है।




गौरतलब है कि नक्सली गतिविधियों पर नियंत्रण लगाकर नक्सलवादियों का आत्मसमर्पण कराकर उन्हें विकास की मुख्य धारा में शामिल करने के उद्देश्य से महाराष्ट्र शासन की ओर से नक्सल आत्मसमर्पण योजना क्रियान्वित की जा रही है। गोंदिया जिले में नक्सल विरोधी अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वित कर विविध समाजोपयोगी उपक्रम आयोजित कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी नागरिकों को देकर जनजागृति की जा रही है।

साथ ही नक्सलियों से हिंसा का मार्ग छोड़कर विकास की मुख्य धारा में शामिल होने का आव्हान किया जा रहा है। इन्हीं उपक्रमों से प्रभावित होकर एवं नक्सली संगठनों में होनेवाली परेशानी एवं अत्याचारों से तंग आकर 7 लाख रुपए के इनामी नक्सली देवा उर्फ अर्जुन उर्फ राकेश सुमडो मुडाम ने 26 दिसंबर को गोंदिया पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नक्सली देवा मुडाम का मुल गांव छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में होने के कारण उसके गांव में प्रारंभ से ही सशस्त्र गणवेश धारी नक्सलियों का आना जाना लगा रहता था। उनके द्वारा गुमराह किए जाने एवं दिए जानेवाले प्रलोभन से प्रभावित होकर वह बचपन से ही नक्सलियों के बाल संगठन में काम करने लगा। वर्ष 2014 में वह पामेड दलम (दक्षिण बस्तर) जिला बीजापुर में भर्ती हुआ एवं अपने हाथों में शस्त्र उठाया।

इस दल में 6 माह काम करने के बाद वर्ष 2014 के अंत में उसने अबुझमाड़ एरिया में ढाई माह का प्रशिक्षण लिया और प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद वर्ष 2015 में नक्सलियों के बस्तर एरिया से एमएससी (महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़) जोन में उसे भेजा गया। यहां आने के बाद पहले उसने दलम सदस्य के रूप में वर्ष 2015 से 2016 से तांडा दलम एवं 2016 से 2017 तक मलाजखंड दलम में काम किया।

इस दौरान मलाजखंड एरिया के डीवीसीएम चंदू उर्फ देवचंद के अंग रक्षक के रूप में उसने काम किया। वर्ष 2018 में उसे वापस दक्षिण बस्तर एरिया में भेज दिया गया। वर्ष 2018 से सितंबर 2019 तक उसने पामेड प्लाटून क्रमांक 9 में प्लाटून दलम सदस्य के रूप में काम किया। देवा ने 2014 से 2019 तक नक्सली संगठन में सक्रिय रहने के दौरान टिप्पागढ़ फायरिंग (जिला गढ़चिरोली), झिलमिली, काशी बहरा, बकरकट्टा फायरिंग (जिला राजनांदगांव), झिलमिली/मलैदा फारेस्ट कर्मचारी के साथ मारपीट एवं चौकी जलाने (जिला राजनांदगांव), हत्तीगुड़ा/घोड़ापाठ फायरिंग (जिला राजनांदगांव) किस्ताराम ब्लास्ट (जिला सुकमा), पामेड फायरिंग (जिला बीजापुर) आदि वारदातों में शामिल रहने की जानकारी दी है। लेकिन नक्सल आंदोलन के नाम पर वरिष्ठ कैडर की मनमानी, फंड के नाम रुपयों की लूट खसोट, हिंसा आदि से त्रस्त होकर उसने आत्मसमर्पण करने का निर्णय लिया है। उपरोक्त नक्सली का आत्मसमर्पण कराकर उसे समाज में मुख्य धारा में लाने की कार्रवाई नक्सल विरोधी अभियान नागपुर के विशेष पुलिस महानिरीक्षक संदीप पाटील, गढ़चिरोली परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अंकित गोयल, गोंदिया के जिलाधिकारी प्रजीत नायर, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा के मार्गदर्शन में पूर्ण की गई।

### गोंदिया पुलिस दल कार्रवाई करने में पूरी तरह सक्षम

जिला पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विकास कामों में बाधा निर्माण करनेवाले नक्सलियों पर गोंदिया पुलिस दल कार्रवाई करने में पूरी तरह सक्षम है जो माओवादी हिंसा का मार्ग त्यागकर समाज की मुख्य धारा में शामिल होने के इच्छुक होंगे, उन्हें आत्मसमर्पण करने का अवसर प्रदान कर शासन की विविध योजनाओं का लाभ देकर समाज में सम्मानित जीवन जिने में हरसंभव मदद दी जाएगी।

# सामाजिक रक्षा की सरकारी योजनाओं पर हुई चर्चा



**वर्धा.**

राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुदानित एवं वर्धा समाज कार्य संस्थान, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा द्वारा आयोजित सामाजिक रक्षा मुद्दे पर समाज कार्य शिक्षकों हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को सामाजिक रक्षा की सरकारी योजनाएं, बाल शोषण, एचआईवी-एड्स और मादक द्रव्य एवं सामाजिक रक्षा में समाज कार्य की भूमिका विषय पर प्रमुख वक्ताओं ने गहन चर्चा की।

पहले सत्र में डॉ. अभिषेक सिंह ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सामाजिक रक्षा योजनाओं पर प्रकाश डाला। योजनाओं का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। इस दौरान योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर बात हुई एवं सफल क्रियान्वयन में समाज कार्य हस्तक्षेप कैसे होगा इस पर चर्चा हुई। दूसरे सत्र में डॉ. आरती विश्वकर्मा ने बाल शोषण पर अपनी बात रखी। शारीरिक शोषण, यौन शोषण और मानसिक शोषण पर चर्चा की।

तीसरे सत्र में डॉ. गौरव गौड़ ने एचआईवी-एड्स और मादक द्रव्य विषय पर अपनी बात रखी। जिसमें उन्होंने कहा कि मादक द्रव्य के बढ़ते प्रसार ने समाज के लिए एक बड़ी चुनौती पैदा कर दी है।

चौथे सत्र में डॉ. दुर्गेश उपाध्याय ने सामाजिक रक्षा में समाज कार्य एवं मनोविज्ञान पर चर्चा की। जिसमें समाजकार्य विषय इन सामाजिक समस्याओं से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

समाजसेवी इन समस्याओं से पीड़ित लोगों को काउंसलिंग, सहायता और पुनर्वास सेवाएं प्रदान कर सकते हैं। सभी सत्रों में वर्धा समाज कार्य संस्थान के निदेशक प्रो. बंशीधर पाण्डेय, डॉ. के. बालराजु, डॉ. शिवसिंह बघेल, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. गजानन निलामे. डॉ. शिवाजी जोगदंड, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. विजय कुमार सिंह, डॉ. वागीश राज शुक्ल एवं समाजकार्य विषय के शिक्षक, शोधकर्ता शामिल रहे।

# पुलिस ने 80 लीटर देसी दारू और मोपेड के साथ आरोपी को पकड़ा

**हिंगनघाट.**

पुलिस स्टेशन के गुन्हे प्रगटीकरण पथक ने दारू तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई की। 26 दिसंबर 2024 को पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफेद रंग की मोपेड पर सवार होकर स्मशानघाट रोड से अवैध रूप से दारू ले जा रहा है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकेबंदी कर आरोपी सुनील शरबत भोसले (उम्र 39, निवासी शिवानी पारधी बेडा, तहसील समुदपूर) को पकड़ा।

आरोपी के पास से 80 लीटर गावठी मोहा दारू, जिसकी कीमत 12,000 रुपये है, और मोपेड जिसकी कीमत 80,000 रुपये है, जब्त की गई। कुल मिलाकर 92,000 रुपये का माल पुलिस ने बरामद किया।



यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कुमार कवडे, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडित के मार्गदर्शन में और पुलिस निरीक्षक मनोज गभने के आदेश पर की गई। इसमें डिटेक्शन ब्रांच के पुलिस हवलदार प्रशांत ठोंबरे, पो.ना. राहुल साठे, विवेक वाकडे, पो.शी. मंगेश वाघमारे, आशीष नेवारे और विजय काले ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

फिलहाल, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और हिंगनघाट पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# चुल्हे के पास बैठकर पढ़ाई कर रही छात्रा झुलसी

**गोंदिया.** देवरी पुलिस थानांतर्गत आनेवाले ग्राम मरामजोब में कक्षा 11वीं की छात्रा घर में ही चुल्हे के पास बैठकर पढ़ाई करते समय अचानक आग की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गई। यह घटना शुक्रवार 27 दिसंबर को सुबह 5.30 बजे के दौरान घटित हुई। पीड़ित छात्रा का नाम चांदनी किशोर शहारे (17) बताया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चांदनी शहारे शिवराम महाविद्यालय मुरदोली में 11वीं कक्षा की पढ़ाई कर रही है। ठंड के दिन होने के कारण ठंड से बचाव के लिए वह प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को सुबह पढ़ाई करने के लिए उठी एवं घर में जल रहे चुल्हे के पास बैठकर पढ़ाई करने लगी। इसी दौरान वह अचानक चुल्हे की आग की चपेट में आ गई और इसमें वह बुरी तरह झुलस गई। उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए पहले देवरी के ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# हिंगनघाट स्टेशन पर सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

**हिंगनघाट.**

मध्य रेलवे के नागपुर डिवीजन के हिंगनघाट रेलवे स्टेशन पर 25 दिसंबर 2024 को स्टेशन सलाहकार समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में स्टेशन के विकास के लिए यात्रियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों पर चर्चा की गई। वर्धा-बल्लारशाह यात्री संघ के अध्यक्ष राजेश कोचर और सदस्यों ने सुविधाजनक यात्रा के लिए नई रेलगाड़ियां शुरू करने और कोरोना काल में बंद हुई पुरानी गाड़ियों को फिर से शुरू करने की मांग की। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलें, इसके लिए रेलवे की विभिन्न सुविधाओं में सुधार करने की मांग एक निवेदन के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सांसद अमर काले वर्धा, विधायक समीर कुणावार हिंगनघाट, स्टेशन प्रबंधक हिंगणघाट को दी गई है।

विशेष रूप से हिंगनघाट स्टेशन पर लिफ्ट की सुविधा जल्द शुरू करने के लिए बैठक में जोर दिया गया। कोरबा-तिरुअनंतपुरम, इंदौर-तिरुअनंतपुरम, रायपुर-सिकंदराबाद, जोधपुर-चेन्नई सेंट्रल, हिस्सार-सिकंदराबाद, धनबाद-कोल्हापूर, ओखा-पुरी (द्वारका एक्सप्रेस), विशाखापट्टणम-गांधीधाम (एक्सप्रेस), नागपुर - सिकंदराबाद (वंदे भारत एक्सप्रेस) और कई अन्य गाड़ियों के हिंगनघाट में ठहराव देने की मांग की गई।



साथ ही, भुसावल-वर्धा पैसेंजर को बल्लारशाह तक बढ़ाने, अजीन-काजीपेट पैसेंजर ट्रेन की तरह नागपुर-बल्लारशाह पैसेंजर ट्रेन शुरू करने और मुंबई और पुणे के लिए रोजाना रेलगाड़ियां शुरू करने की मांग सदस्यों ने की। इसके अलावा, सदस्यों ने वर्तमान में चल रही अमृत भारत स्टेशन योजना के काम को गति देने का अनुरोध किया, जो धीमी गति से चल रही है। भविष्य में हिंगणघाट स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर सेवा और सुरक्षा उपायों की उम्मीद है।

इस बैठक में हिंगणघाट स्टेशन पर स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य राजेश कोचर, विजय मुथ्था, कौसर अंजुम शेख और तुषार हवाईकर के साथ रेलवे अधिकारी मंगेश तितीरमारे विभागीय वाणिज्य निरीक्षक, बसंतकुमार बल स्टेशन मॅनेजर और प्रकाश मिश्रा आर.पी.एफ. पुलिस निरीक्षक, डी.के. गुरनुले, दिलीप बालपांडे, रवि जुमडे उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित हुई समस्याओं और मांगों को हल करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ऐसा आश्वासन रेलवे अधिकारियों ने सदस्यों को दिया।

# श्री संत संताजी जगनाड़े महाराज की पुण्य तिथि का आयोजन



**हिंगनघाट.**

जगद्गुरु श्री तुकाराम महाराज की मौलिक गाथा के रचयिता संत शिरोमणि श्री संत संताजी जगनाडे महाराज की पुण्य तिथि कार्यक्रम श्री. साई हॉल, नंदोरी रोड पर आयोजित किया गया.

इस अवसर पर संत संताजी जगन्नाडे महाराज की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये गये. अतुल वंडिले ने श्रीसंत संताजी जगनाडे महाराज के कार्यों को विचारपूर्ण तरीके से व्यक्त किया।

अतुल वांदीले, योगेश्वर महाराज, चंद्रकांत वाढई, किरण वैद्य, साखरकर गुरुजी, संदीप रेवतकर, मधुकरराव चाफले गुरुजी, दशरथ ठाकरे, बालू वानखेड़े, अमोल बोरकर, वामनराव गिरी, मधुकरराव खडसे, किशोर शेगोकार, भाऊराव कोटकर, शंकर देशमुख, किशोर गाठे, सुनील भुते, किशोर चांभारे, सुधाकर वाढई जगदीश वांदीले, बंटी रघाटाटे, बच्चू कलोडे, गजानन महांकालकर, जगदीश पिसे, अनिल अडकिने, अमोल मुडे, राजू मुडे आदि उपस्थित थे.

# कलार समाज का मेधावी सम्मान समारोह संपन्न

**वर्धा.**

कलार समाज सांस्कृतिक भवन, सिंदी (मेघे) में मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं अभिनंदन समारोह हर्षोल्लास एवं शांति के साथ संपन्न हुआ. हभप मयूर महाराज दरने की उपस्थिति में आयोजित किया गया.इस अवसर पर परमहंस अडकुजी महाराज कल्याणकारी संस्था वर्धा के अध्यक्ष गंगाधरराव नागपुरकर, संत अडकुजी महाराज कासार समाज बहुउद्देशीय मंडल जिला के अध्यक्ष शाखा वर्धा पराग भोयर साथ ही कासार समाज महिला मंडल वर्धा की अध्यक्ष श्रीमती अनिता नरेशराव काले उपस्थित थी.कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मंजिरी पराग कानोडे और सुश्री श्रुति प्रवीण सालोडकर दोनों ने मिलकर किया। परिचय डॉ. संजयराव कानोडे ने किया और धन्यवाद ज्ञापन हरीश वघले ने किया। इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 9 और कक्षा 10 और 12 में 60% अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया. वही कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. खेल, इस क्षेत्र में विशेष विशेषज्ञता रखने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में वर्धा के नये उद्यमियों और इस वर्ष सेवानिवृत्त हुए सामुदायिक भाई-बहनों का भी सम्मान किया गया। इसमें उन्हें समाजभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार इसी वर्ष वर्धा जिले में पीएचडी की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर स्मिता अश्विन नागपुरकर को भी सम्मानित किया गया.

मेधावी छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सम्मान समारोह के अवसर पर विजय अशोकराव अहेर और उनके परिवार की ओर से कालिंका देवी और आडकुजी महाराज मंदिर वर्धा में जब महाप्रसाद का कार्यक्रम हुआ तो सभी समाजजनों ने महाप्रसाद का आनंद लिया. *कार्यक्रम भले ही मंदिर के नजदीक स्थित कलार समाज सांस्कृतिक भवन में 2-30 बजे था, लेकिन सभी ने समुदाय के भाइयों और बहनों हभप मयूर महाराज की मधुर आवाज से निकले एक-एक शब्द को सुनकर स्तब्ध हुए. उन्होंने समाज के लोगों से अपील की।

कि उन्हें अपनी कमाई का कम से कम दस प्रतिशत हिस्सा समाज सेवा के लिए खर्च करना चाहिए। इससे मिलने वाली संतुष्टि अगले जीवन के लिए ऊर्जा पैदा करती है। अविनाशराव बारस्कर ने मंदिर निर्माण के लिए 30,000/- रुपये का दान देने पर सहमति व्यक्त की. (इससे पहले उन्होंने 21000/- का दान दिया था).रवींद्र एम.घाटोले द्वारा 25000/- राजा कानोडे

21,000/- का भुगतान करने पर सहमति हुई. प्रदीप सांभारे 11,000/- नकद दान दिया गया. इस मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं स्वागत समारोह को सफल बनाने हेतु जिला अध्यक्ष पराग भोयर, डॉ. संजय कानोडे, प्रमोद कानोडे, अमित टाले, हरीश वघले, दीपक अहेर, मंजिरी पराग कानोडे और श्रुति प्रवीण सालोडकर उनके बहुमूल्य सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया.

# प्रायोगिक ज्ञान केवल शारीरिक शिक्षा से ही आता है: अग्निहोत्री

**वर्धा.**

अनुभवात्मक ज्ञान केवल शारीरिक शिक्षा के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है. और इसके अधिग्रहण के लिए जिज्ञासा और प्रयोग आवश्यक हैं। छात्रों को रचनात्मक होना चाहिए, रचनात्मकता का अर्थ है पारंपरिक सोच से अलग सोचना और नवाचार का अर्थ है उस विचार को वास्तविकता बनाना।

विद्या विनयास शोभते के अनुसार, छात्रों को विनम्र और सम्मानजनक होना चाहिए और अपने शिक्षकों और माता-पिता का सम्मान करना चाहिए. ऐसा जय महाकाली शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष पंडित शंकरप्रसाद अग्निहोत्री ने 27 दिसंबर 2024 को पेंटागन हॉल, बी.पी.ई.एस. में किया। वे प्रथम छात्रों के इंडक्शन कार्यक्रम में अध्यक्षीय भाषण में बोल रहे थे. इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी अनिल निमगड़े एवं प्राचार्य अनंत गावडी चिंतामणि महाविद्यालय डॉ.नीरजसिंह यादव, प्राचार्य रानीबाई अग्निहोत्री कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, अभिजीत रघुवंशी, पूर्व प्राचार्य डॉ.अनिल महल्ले एवं डॉ. देवेन्द्र गुजरकर उपस्थित थे.




सूत्र का संचालन डॉ. देवेन्द्र गुजरकर ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शीतल गहेरवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. विनीत तिवारी, सुरेशबाबू भोयर, अर्चना कडू, मयूरी भोवरे, सार्थक गायकवाड, गणेश काले ने सहकार्य किया.

# डॉक्टर की लापरवाही से महिला की हालत गंभीर

> 21 दिनों से नवजात की देखभाल कर रही वृद्ध दादी

**गोंदिया.**

अर्जुनी मोरगांव तहसील के नवेगांवबांध ग्रामीण अस्पताल में डॉक्टर की लापरवाही का मामला सामने आया है। प्रसूति के दौरान गलत तरीके से टांके लगाने के कारण महिला को गंभीर संक्रमण हो गया, जिससे उसकी हालत चिंताजनक हो गई। फिलहाल महिला नागपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज में जीवन के लिए संघर्ष कर रही है।

नवेगांवबांध निवासी रागिनी मसराम (गर्भवती) को 6 दिसंबर को प्रसूति के लिए ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसी रात 8 बजे उसने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। लेकिन, डॉक्टर की लापरवाही के कारण प्रसूति के दौरान गलत तरीके से टांके लगाए गए, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई।

गोंदिया के शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्रारंभिक उपचार के बाद, महिला को नागपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार, संक्रमण ने उसके मस्तिष्क और किडनी को प्रभावित किया है। 21 दिनों से महिला का उपचार चल रहा है, जबकि उसके नवजात शिशु की देखभाल उसकी वृद्ध दादी कर रही हैं।

### जिला शल्य चिकित्सक का बयान

गोंदिया के जिला शल्य चिकित्सक डॉ. अमरीश मोहबे ने कहा, "मामले की पूरी जानकारी लेकर संबंधित चिकित्सा अधिकारी से विस्तृत रिपोर्ट मंगाई गई है। रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।"

### प्रशासन की जिम्मेदारी पर सवाल

इस घटना ने ग्रामीण अस्पतालों में डॉक्टरों की लापरवाही और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पीड़ित परिवार प्रशासन से न्याय और दोषी डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है।

# सामाजिक सहयोग से ही आत्महत्या को रोका जा सकता है: रानडे

**वर्धा.**

अहिल्याबाई होलकर सभागार में विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से ज्वलंत विषय "भारत में आत्महत्या रोकथाम के लिए राष्ट्रीय अभियान पर दिन-प्रतिदिन हो रही छात्रों-युवाओं, किसानों, कर्मचारियों की आत्महत्याओं को कैसे रोकें और रोका जाए विषय पर चर्चा हुई। समाज में विभिन्न सामाजिक वर्गों में आत्महत्या के कारण और उसके समाधान पर सोमवार को वर्धा में प्रगतिशील वक्ता मुकुंद रानाडे का व्याख्यान 23 दिसंबर 2024 को आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में मुकुंद रानडे, वरिष्ठ कार्यकर्ता चंद्रभान नाखले उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत अर्चना घुगरे, भैया देशकर ने किया।




देश भर में आत्महत्याएँ अवसाद, वित्तीय कठिनाइयों, प्रेम विच्छेद, वैवाहिक समस्याओं, काम के तनाव, अधूरी अपेक्षाओं आदि के कारण होती हैं। मनुष्य का जन्म एक ही बार होता है। उसे परिस्थिति से सही रास्ता अपनाकर जीना चाहिए. जीवन में सफलता या असफलता की चिंता किये बिना परिस्थिति का सामना करना चाहिए। शायद असफलता ही सफलता की सीढ़ी है। जिन लोगों के मन में आत्महत्या के विचार आते हैं. उन्हें अपनी भावनाओं को अपने करीबी सहकर्मियों के सामने व्यक्त करना चाहिए। उन्हें और समाज को ऐसे लोगों का समर्थन करना चाहिए, उनकी भावनाओं और पीड़ाओं को सुनना चाहिए। मदद का रास्ता बताएं और मदद का वादा करें. यदि ऐसा क्षणिक समय बीत जाए तो मनुष्य आत्महत्या से विरत हो जाता है। इसमें समाज के विभिन्न तत्वों पर ध्यान देना आवश्यक है।

पुलिस विभाग में काम के तनाव के कारण आत्महत्या की दर बढ़ रही है। पुलिस भी एक मानवीय तत्व है. उनकी ड्यूटी 24 घंटे रहती है. उनका भी परिवार है, उन्हें छुट्टी मांगने, परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलना चाहिए.' वरिष्ठ अधिकारियों को उनकी भावनाओं को समझना चाहिए और उनकी मदद करनी चाहिए. आत्महत्या करने वाले लोगों से कहां मिलें, कैसे उनकी मदद करें और सहयोग करें, इसके लिए वर्धा जिले में एक सहायता एवं मार्गदर्शन कक्ष भी खोला जाना चाहिए. मुकुंद रानडे ने अपने प्रभावशाली, अनेक उदाहरणों से कहा कि समाज को भी इसमें योगदान देना चाहिए। इससे पहले वह बेंगलुरु, नासिक डिविजन के पुलिस स्टेशनों, स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में इस विषय पर कई व्याख्यान दे चुके हैं.

कार्यक्रम का संचालन एवं परिचय यशवन्त झाडे ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मुकुंद नाखले ने किया। इस समय बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम सफल बनाने में संजय भगत, विनोद अवथले, अनिल खंडालकर, भूमिकांत मोहर्ले, विनोद तडस, प्रभाकर धवने, प्रीतम हिरानी, गणेश भूतड़ा, दुर्गा काकड़े, रेखा झाडे, कांचन हिंगे, आरती पवार, शमा शेख, कांचन गोहने, महेंद्र राखुंडे, चूड़ामन घवघवे, धनंजय बावनकर, सुनील घिमे, सुरेश अनकर, मंगला घिमे आदि ने प्रयास गया. कार्यक्रम का समापन "हम होंगे कामयाब गीत के साथ हुआ.

# राइस मिलर्स की मांगों की सरकार कर रही अनदेखी

## > मांगे 140 और मिल रहे मात्र 10 रुपए

**गोंदिया.**

सरकारी धान मिलिंग दर में सरकार ने पिछले वर्ष 40 रुपए बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया था। इस निर्णय की वजह से गोंदिया के राइस मिल संचालकों को थोड़ी राहत मिली थी। लेकिन प्रति क्विंटल 140 रुपए मिलिंग की दर रखने की मांग राइस मिलर्स ने की थी। लेकिन सरकार द्वारा केवल 40 रुपए बढ़ाए गए थे। लेकिन इस वर्ष मिलिंग दर फिर से 10 रुपए ही हो गई है। जो केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही है। राज्य सरकार ने अब तक इस दर में वृद्धि का कोई निर्णय नहीं लिया है। ऐसे में धान की मिलिंग कैसे करें? यह सवाल अब राइस मिलर्स द्वारा किया जा रहा है।

राज्य के पूर्व विदर्भ में धान का सर्वाधिक उत्पादन लिया जाता है। किसानों को समर्थन मूल्य से कम दाम न मिले, इसके लिए सरकार द्वारा जिला मार्केटिंग फेडरेशन एवं आदिवासी विकास महामंडल के माध्यम से शासकीय धान खरीदी केंद्र से समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जाता है। इसके बाद धान खरीदी केंद्र पर खरीदी किए गए धान का राइस मिलर्स के साथ करार किया जाता है। धान की मिलिंग कर सीएमआर चावल शासन के पास जमा किया जाता है। राइस मिलर्स को प्रति 1 क्विंटल धान के पीछे मिलिंग कर 67 किलो चावल शासन के पास जमा करना पड़ता है। 1 क्विंटल धान की मिलिंग करने के लिए 50 रुपए खर्च आता है। लेकिन मिलिंग के दौरान चावल की मात्रा कम होती है। जिससे चांवल की उतारी 50 से 55 किलो तक ही हो पाती है। ऐसे में राइस मिलर्स को नुकसान का सामना करना पड़ता है। जिसके लिए राइर्स मिलर्स धान के प्रति क्विंटल मिलिंग के पीछे 140 रुपए की मांग कर रहे है। इस संबंध में शासन से पत्र व्यवहार भी किया गया। बावजूद सरकार मात्र 10 रुपए ही दर दे रही है। इससे राइस मिलर्स को नुकसान उठाना पड़ रहा है। पड़ोस के मध्यप्रदेश में मिलिंग की दर 60 से 200 रुपए प्रति क्विंटल है। जबकि छत्तीसगढ़ राज्य में 90 रुपए दिए जाते हैं। लेकिन महाराष्ट्र में ही प्रति क्विंटल मिलिंग दर अभी 10 रुपए ही दी जा रही है। गोंदिया राइस मिलर्स असोसिएशन के सचिव महेश अग्रवाल ने बताया कि गत वर्ष राज्य सरकार ने 40 रुपए बढ़ाकर दिए थे, जिससे प्रति क्विंटल मिलिंग के 50 रुपए मिले थे। लेकिन इस बार फिर अब 10 रुपए ही दर दी जा रही है। राज्य सरकार इस संबंध में राइस मिलर्स के हित में क्या निर्णय लेती है? इसकी प्रतीक्षा की जा रही है।

## मामूली बात पर तलवार से मारने का प्रयास

**गोंदिया.** दवनीवाड़ा थानांतर्गत ग्राम सोनपुरी निवासी फरियादी घनश्याम शिवराम अंबुले (38) के साथ आरोपी जगदीश उर्फ अजय प्रितमलाल पगाडे (24) और अनुसया प्रितमलाल पगाडे (45) ने घर के निर्माण कार्य को लेकर विवाद किया।

इतना ही नहीं तो आरोपी ने तलवार निकालकर उसे मारने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ लोगों ने उसके हाथ से तलवार छिनी तब अचानक फरियादी के गाल पर तलवार लगी जिसके कारण वह जख्मी हो गया। यह घटना 25 दिसंबर की रात 8.30 बजे घटी। फरियादी की रिपोर्ट पर दवनीवाड़ा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 118 (1), 296, 352 (3) (5) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक महेश राठोड कर रहे है।

# अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर कंबल का वितरण

**सौंसर.**



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के उपलक्ष्य में नवांकुर संस्था 'युथ ऑफ सौसर एसोसिएशन' ने ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम पिछले आठ वर्षों से निरंतर जारी है और इस बार इसे विश्व प्रसिद्ध चमत्कारिक हनुमान मंदिर जामसावली से शुरू किया गया।

संस्था के सदस्यों ने समाज के जरूरतमंदों तक कंबल पहुंचाने के इस अभियान को एक निस्वार्थ सेवा का रूप दिया है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सौसर के मार्गदर्शन में जिला समन्वयक अधिकारी श्री अखिलेश जैन और विकासखंड अधिकारी अनिल बोबडे के निर्देशन में यह कार्यक्रम 2017 से नियमित रूप से आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान युथ ऑफ सौसर एसोसिएशन के सभी सदस्य रात के समय ठंड से ठिठुर रहे लोगों तक पहुंचकर कंबल वितरित करते हैं। संस्था का मानना है कि यदि कोई निस्वार्थ भाव से समाजसेवा करता है, तो उसमें योगदान देने वालों की कमी नहीं होती। इस बार भी संस्था के सदस्यों ने सर्दी से जूझ रहे असहाय और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया। इस पहल को स्थानीय नागरिकों और प्रशासन द्वारा सराहा गया। युथ ऑफ सौसर एसोसिएशन के इस प्रयास ने यह साबित कर दिया है कि छोटी-सी पहल से भी समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

## नवनिर्मित व्यसन मुक्ति भवन का शुभारंभ 1 जनवरी को

**सौंसर.**




कन्हान क्षेत्र के ग्राम सवरनी में आनंद धाम रामटेक के तत्वावधान में नवनिर्मित व्यसन मुक्ति अभियान के अंतर्गत आनंद धाम-3 उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया है.आगामी 1 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महात्मा गांधी राज्य स्तरीय व्यसनमुक्ती गौरव से पुरस्कृत लक्ष्मणराव मेहर बाबूजी करेंगे तथा मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिह तोमर, सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, विधायक विजय रेवनाथ चौरे, सावनेर विधायक आशीष देशमुख, नागपुर भाजपा महामंत्री उदय सिंह यादव मंचासीन होंगे. प्रार्थना स्थल उद्घाटक जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड, एड. मनजीत कौर मतानी नागपुर, सरस्वता लोढे, राजीव पोतदार, पांढुर्णा विधायक निलेश उईके, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, पुरुषोत्तम टेकाडे, बापू मोहोड, प्रतिभा खिरडकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मंचासीन होगे. इस दौरान अतिथियों का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेट कर सत्कार किया जायेगा. कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आनंद धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग मेहर, प्रमुख मार्गदर्शक नंदकिशोर तांडेकर देवा मेहरकुले ने बताया कि, 1 जनवरी को सुबह 8 बजे हवन कार्य प्रफुल तांडेकर हस्तें, सुबह 10 बजें बाबा जुमदेव की शोभायात्रा, 11 बजें आनंदधाम भवन का उद्घाटन, दोपहर 12 बजें अतिथि सत्कार एवं संवाद होगा.तदपश्चात महाप्रसाद का वितरण होगा. कलमेशवर एवं रामाकोना बालक मंडल ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी. आयोजकों ने क्षेत्र के बाबा जुमदेव के साधकों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है.

# कांग्रेस कार्यालय में डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित

**कामठी.**




शहर कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शहर अध्यक्ष रमेश दुबे की अध्यक्षता में शनिवार को श्रद्धांजलि शोक सभा आयोजन किया गया.

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित छावनी क्षेत्र कांग्रेस अध्यक्ष रितेश मानसिंह यादव ने उनके निधन पर दुःख प्रकट करते हुये कहा कि भारत ने दूरदर्शी नेता ख़ो दिया है. जिन्होंने भारत को सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, आम नागरिकों के पहचान और सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए आधार कार्ड, 2008में किसानों का एक मुश्त 60 हज़ार करोड़ ऋण माफ़ी, अमेरिका के साथ निकुलियर समझौता और मनरेगा के तहद कम कम सौ दिन की रोज़गार गारंटी योजनाओं का लाभ दिया. साथ ही वर्ष 1990 में देश की आर्थिक से जूझ रहे अर्थव्यवस्था को सुधारते हुए टीडीपी को उच्चतम स्तर तक पहुंचाया और महंगाई पर लगाम लगाया. सेवादल शहर अध्यक्ष नितेश कुमार यादव ने कहा कि मनमोहन बाबू कांग्रेस के ही नहीं सभी दलों के राजनेताओं के दिल में बसते थे. वहीं शहर अध्यक्ष रमेश दुबे ने कहा कि मनमोहन साहब ईमानदारी, सादगी, समर्पण, सेवा और सरलता के मिशाल थे। मनमोहन सिंह के निधन देश की राजनीति और आर्थिक इतिहास में एक युग का अंत हो गया है जो लम्बे समय तक महसूस की जायेगी.

शोकाकुल सभा में नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष नीरज यादव, नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अहफाज अहमद, नगर कांग्रेस कमेटी के कार्याध्यक्ष लक्ष्मण संगेवार, सेवादल प्रदेश सहसचिव राजकुमार गेडाम, सेवादल जिला सहसचिव अब्दुल सलाम अंसारी, कामठी शहर सेवादल अध्यक्ष नितेश यादव, छावनी क्षेत्र कांग्रेस अध्यक्ष रितेश मानसिंह यादव, उपाध्यक्ष शोमेश जेटली, प्रकाश लाईन पांडे, प्रमोद खोबरागड़े, नगर परिषद पूर्व नगरसेवक उबैद अफरोज, कामठी शहर महिला कांग्रेस अध्यक्षा सुरैया बानो, महासचिव शाहिन शेख, उपाध्यक्ष शशिकला देशमुख, सचिव चेतना गोड़बोले, उपाध्यक्ष अंबिका रामटेके, सहसचिव सोफिया ख़ान, महासचिव विभा मेश्राम, सहसचिव शमशुन निशा बाज़ी, शबाना परविन आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रमुखता से उपस्थित थे.

## मामूली बात पर युवक और बुजुर्ग की पिटाई

**गोंदिया.**

शहर के अलग-अलग दो क्षेत्रों में युवक और बुजुर्ग की पिटाई करने की घटनाएं सामने आई है। जिसमें पहली घटना शहर थाना अंतर्गत पटेल गली ढाकनी की बताई गई है। इस घटना में फरियादी देवानंद गंगाराम लिल्हारे (40) की दो भाइयों ने मामूली बात को लेकर पिटाई कर दी। आरोपियों में भुवन धनलाल राउत (26) एवं अनिल धनलाल राउत (28) का समावेश है। जानकारी के अनुसार फरियादी अपने घर जा रहा था। तब एक आरोपी ने उसके सिर पर लाठी से प्रहार कर दिया तथा दूसरे ने लात घुसाने से उसकी पिटाई कर दी। जिसमें वह जखमी हो गया। यह घटना 25 दिसंबर को घटी। फरियादी की शिकायत एवं मेडिकल रिपोर्ट पर शहर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 118 (1), 115 (2), 352, 351 (2), 3 (2) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार साजिद शेख कर रहे है।

दुसरी घटना अर्जुनी मोरगांव थानांतर्गत महागांव की बताई गई है। जिसमें फरियादी सिद्धार्थ डोमडु रामटेके (65) के साथ आरोपी कार्तिक केवलराम रामटेके (45) और पुष्पा कार्तिक रामटेके (42) ने मामूली बात को लेकर विवाद किया। इतना ही नहीं तो दोनो आरोपियों ने उसकी चप्पल से पिटाई कर दी।

जिसमें उसकी कमर, छाती और पीठ पर चोट आ गई। वहीं उसका एक दांत भी टूट गया। यह घटना 26 दिसंबर को घटी। फरियादी की शिकायत एवं मेडिकल रिपोर्ट पर अर्जुनी मोरगांव पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 117, 296, 115 (2), 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार आरसोडे कर रहे है।

## दही-लाई काले के कीर्तन के साथ प्रवचन सप्ताह का समापन



**सौंसर.** ब्रह्मलीन परम पूजनीय भैयाजी महाराज द्वारा रचित प्रार्थना स्तोत्र पर चल रहे प्रवचन सप्ताह का समापन दही-लाई काले के कीर्तन के साथ हुआ. 20 दिसंबर से चल रहे प्रवचन सप्ताह में हरि भक्त प. एकनाथ जी गोलकर महाराज ने प्रार्थना स्तोत्र के महत्व को समझाते हुए भगवान श्री राम भगवान श्री कृष्ण एवं संतों के जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए मनुष्य को भक्ति करने के उपाय एवं ज्ञान की प्राप्ति कैसे करे, ईश्वर भक्ति करने के सरल उपाय बताएं उपरोक्त प्रवचन सप्ताह मातो श्री केशरबाई चांडक भवन सौसर मे हुआ. उपरोक्त कार्यक्रम में सच्चिदानंद मंडल नागपुर पांढुर्णा सौसर के श्रद्धालुओं के साथ श्री ताज आनंद आश्रम सावंगी के विश्वस्थ श्रीमती शालिनी ताई बुधोलिया, अध्यक्ष श्रीमती वृषाली मुद्गल, सच्चिदानंद मंडल के दिवाकर बेंडे, बी. डी.पराड़कर गुरुजी, अभय चंद्रायन, अरुण चौरे, राम डी धारपुरे, शान धारपुरे, कोमल गोटेकर रामेश्वर सुपटकर, भैयाजी बोबडे, सरला ताई चांडक आदि उपस्थित थे.

# दो दिन बाद नदी में मिला युवक का शव

## नदी में गिरने से हुई भूषण गावंडे की मौत!

**दिग्रस.**

शनिवार को दिग्रस की धावंडा नदी में एक युवक की तैरती हुई लाश मिली. सूत्रों के अनुसार गुरुवार को एक युवक नदी में डूबा था. दिग्रस शहर पुलिस ने मृतक के शव को बरामद कर आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है. शनिवार सुबह 9:30 बजे के करीब मोतीनगर परिसर से सटे धावंडा नदी में विठ्ठल नगर (दत्तनगर) निवासी भूषण माणिकराव गावंडे नामक 35 वर्षीय युवक की लाश नदी में तैरती नजर आयी. सूत्रों के मुताबिक बीते गुरुवार को वह युवक नदी में गिरा था. गुरुवार को घटना का पता चलते ही दिग्रस पुलीस सहित स्थानीय गोताखोरों ने घटनास्थल का रुख किया लेकिन लाश नही मिली इसी कड़ी में शुक्रवार को भी नदी में उतरकर गोताखोरों की खोज पूर जोर तरीके से जारी थी. लेकिन कोई सुराग हाथ नही लगा ऐसे में शनीवार का दिन निकलते ही नदी में तैर रही लाश की खबर फैली जिसके बाद दिग्रस पुलिस की मौजुदगी में पूर्व पालिका कर्मचारी तथा जाबांज गोताखोर मोहम्मद परसुवाले ने नदी में छलांग लगाई और लाश को बाहर निकाला इस मौके पर नगर पालिका कर्मचारी कुंदन खोड़े ने भी उन्हें लाश बाहर निकालने में सहयोग किया. इस समय नदी किनारे लोगो का हुजूम उमड़ आया था. दिग्रस पुलिस ने भूषण की लाश को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए दिग्रस के ग्रामीण अस्पताल रवाना किया जहां भूषण के परिजनों और विठ्ठल नगर (दत्त नगर) परिसरवासीयो की भीड़ जम गयी थी.

## कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को मिलेंगे अपार कार्ड

**गोंदिया.**




केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शैक्षिक नीति वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी योजना क्रियान्वित करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को ऑटोमेटिक परमानेंट एकेडमी अकाउंट रजिस्ट्री आईडी (अपार) कार्ड दिए जाएंगे। इस कार्ड के माध्यम से विद्यार्थियों को नई पहचान मिलेगी। इस कार्ड में उनके शैक्षणिक जीवन की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी। इस कार्य को गति मिलने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से तेजी से प्रयास किए जा रहे है। गोंदिया जिले में कुल 1 लाख 71 हजार विद्यार्थियों का पंजीयन किया गया है। अपार कार्ड से विद्यार्थियों को 12 अंकों का क्रमांक वाला कार्ड दिया जाएगा और यह क्रमांक उस विद्यार्थी की पहचान होगा। इस कार्ड में संबंधित विद्यार्थी के प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा तक की जानकारी होगी। शिक्षा विभाग की ओर से इस कार्ड के लिए विद्यार्थियों का पंजीयन कराने की प्रक्रिया चल रही है। जिले में अब तक 72 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। जीप के शिक्षणाधिकारी माध्यमिक डा. महेंद्र गजभिये के अनुसार वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी बनाने के काम का काम जिले में तेजी से चल रहा है एवं अगले 10-15 दिनों में यह काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# चोरी की दुपहिया सहित आरोपी गिरफ्तार

**गोंदिया.**

रामनगर पुलिस ने एक मोटर साइकिल चोर को चोरी की दुपहिया के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। घटना के संदर्भ में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी पालोरा तहसील मोहाड़ी जिला भंडारा निवासी स्वप्नील गोविंदा बांते ने अपनी मोटर साइकिल क्रमांक एम.एच.36/पी. 1723 रामनगर पुलिस थानांतर्गत आनेवाले शारदा रेस्टॉरेंट रेलवे स्टेशन गोंदिया के सामने खड़ी की थी एवं रेलवे स्टेशन पर स्थित टिकट घर तक जाकर वापस आया, तब तक किसी अज्ञात चोर ने उसकी मोटर साइकिल वहां से उड़ा दी थी। यह घटना 22 दिसंबर को 8 से 9 बजे के दौरान घटित हुई थी। इसके बाद फरियादी की शिकायत पर रामनगर पुलिस ने अपराध क्रमांक 395/2024 भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले की जांच पुलिस हवलदार सरोज घरडे ने की। आरोपी की खोज के लिए एक टीम बनाई गई थी।

जांच के दौरान आरोपी को खोजते हुए पुलिस ने ग्राम पुतली तहसील सड़क अर्जुनी जिला गोंदिया निवासी आरोपी प्रमोद राजाराम नेवारे को चोरी की गई मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी के पास से चोरी की मोटर साइकिल भी बरामद कर ली गई। यह कार्रवाई पुलिस निरीक्षक प्रवीण बोरकुटे के मार्गदर्शन में की गई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से कृष्ण मृग की मौत

**गोंदिया.** आमगांव वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले मोहगांव-कातुर्ली मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से एक कृष्ण मृग ही मृत्यु हो गई। यह घटना 27 दिसंबर को सुबह 9 बजे के दौरान घटित होने की जानकारी मिली है।प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्ण मृग के सड़क पार करने के दौरान किसी अज्ञात वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी।

जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद वनरक्षक नंदेश्वर घटनास्थल पर पहुंचे। कृष्ण मृग को घायल अवस्था में देखे जाने के बाद उसके उपचार के लिए आमगांव पंचायत समिति के पशु चिकित्सा अधिकारी डा. ईलमकर को वहां बुलाया गया। उपचार के दौरान कृष्ण मृग की मृत्यु हो गई।

# चोरों के हौसले बुलंद, वारदातों को दे रहे अंजाम

## > दो दुपहिया, सिलेंडर और मोटर पंप पर हाथ साफ

**गोंदिया.**

जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगते नजर नहीं आ रहा है। आए दिन घरों में चोरी, दुपहिया चोरी सहित अन्य चोरी की घटनाएं घटित हो रही है। जिससे चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। ऐसे में पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर नागरिकों में नाराजगी है।

बता दें कि चोरी की चार वारदातों में अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन, सिलेंडर और मोटर पंप पर हाथ साफ कर दिया। जिसमें पहली घटना देवरी थाना अंतर्गत आमगांव मार्ग की बताई गई है। इस घटना में अज्ञात चोर ने दोपहिया वाहन क्रमांक एमएच 35 ए वाय 8999 को चोरी कर लिया। जिसकी कीमत 80 हजार रुपए बताई गई है। यह घटना 23 दिसंबर को प्रकाश में आई। संजय नगर वार्ड निवासी फरियादी मो. वसीम खान मो. रफिक खान पठान उर्फ राजा खान (35) की रिपोर्ट पर देवरी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार करंजेकर कर रहे है। दुसरी घटना गंगाझरी थानांतर्गत मुंडिपार की बताई गई है।

इस परिसर से किसी अज्ञात चोर ने सुना मौका पाकर दोपहिया वाहन क्रमांक एमएच 35 टी 4074 को चोरी कर लिया। यह घटना 20 दिसंबर को घटी। मुढ़ीपार निवासी फरियादी वसंत प्यारेलाल रहांगडाले (38) की रिपोर्ट पर गंगाझरी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज किया है।

मामले की जांच पुलिस हवलदार राकेश भुरे कर रहे है। तीसरी घटना सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम असईटोला की बताई गई है। जिसमें फरियादी नरेंद्र रामचंद्र भिमटे (39) अपने परिवार के साथ बाहर गांव गया था। इस दौरान किसी अज्ञात चोर ने सुने मौके का फायदा उठाकर उसके घर में प्रवेश किया और एचपी कंपनी के दो सिलेंडर को चोरी कर लिया। जिसकी कीमत 8 हजार रुपए बताई गई है। यह घटना 26 दिसंबर को प्रकाश में आई। जानकारी के अनुसार फरियादी ने अपने घर की चाबी ब्रश रखने के डब्बे में रख दिया था। तब अज्ञात आरोपी ने चाबी की मदद से उसके दरवाजे के घर का ताला खोला और दो गैस से भरे सिलेंडर को चोरी कर लिया। फरियादी की रिपोर्ट पर सालेकसा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 305, 331 (3), 331 (4) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार कुवरलाल मानकर कर रहे है। चौथी घटना गोंदिया ग्रामीण थाना अंतर्गत ग्राम मोहगांव बु. के खेत की बताई गई है। यहां से किसी अज्ञात चोर ने सुना मौका पाकर दो मोटर पंप को चोरी कर लिया।

जिसकी कुल कीमत 35 हजार रुपए बताई गई है। यह घटना 26 दिसंबर को प्रकाश में आई। फरियादी गजाला शाहिद खान (42) की रिपोर्ट पर गोंदिया ग्रामीण पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार कटरे कर रहे है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**गोंदिया.** शहर थानांतर्गत मामा चौक में दोपहिया वाहन चालक आरोपी अभिषेक दिनेश अग्रवाल (34) ने तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अजहर मुश्ताक हुसैन (52) के वाहन को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। यह घटना 25 दिसंबर को घटी।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 168-5 | 990-8 |
| श्रीदेवी नाईट | 150-6 | 225-9 |
| प्रभात | 568-9 | 358-6 |
| प्रभात नाईट | 890-7 | |
| डायमंड | 123-6 | 126-9 |
| मेन बाजार | - | - |
| मिलन डे | 589-2 | 477-8 |
| मेन रतन | 700-7 | 249-5 |
| कल्याण | 800-8 | 260-8 |
| राजधानी डे | 269-7 | 500-5 |
| राजधानी नाईट | - | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 136-0 | 136-0 |

